**OSDAV Public School, Kaithal**
**May Test-2025**
**Class :VI**
**Subject : Hindi**

**Set- A**

**Time: 1 hour 30 min.** **M.M. :30**

सामान्य निर्देश :-

1. प्रश्न पत्र ध्यान पूर्वक पढ़ें |
2. सभी प्रश्न अनिवार्य हैं |
3. लेख साफ़ व स्पष्ट लिखें |

| | | |
|---|---|---|
| **प्रश्न (1)** | **निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर नीचे दिए गए प्रश्नों के लिए सही विकल्प चुनिए-**<br>राजा अकबर के दरबार में बीरबल उनका पसंदीदा दरबारी था। अकबर के सामने कोई भी समस्या आती तो बीरबल से समस्या हल करने के लिए कहा जाता था । बीरबल अपनी तीव्र बुद्धि और हाजिरजवाबी से समस्याओं को आसानी से हल कर दिया करता था । एक दिन अकबर के दरबार में एक साहूकार आया उसने अपने घर में चोरी हो जाने की दुहाई दी। इस पर बीरबल ने पूछा, "क्या तुम्हें इस चोरी का किसी पर शक है ?" साहूकार ने उत्तर दिया, "अपने चार सेवकों पर, लेकिन मुझे यह नहीं पता कि यह चोरी किसने की है। बीरबल ने उन चारों सेवकों को दरबार में बुलाए जाने का आदेश दिया। चारों सेवक अकबर के दरबार में हाजिर हो गए। फिर बीरबल ने प्रत्येक सेवक को एक-एक छड़ी दी और कहा, "ये जादुई छड़ियाँ हैं। चोर की छड़ की लंबाई अपने आप एक घंटे में पाँच इंच बढ़ जाएगी।" फिर बीरबल ने उन चारों सेवकों को एक घंटे तक महल के अलग-अलग कमरे में रखे जाने का आदेश दिया। अपनी छड़ी की लंबाई बढ़ जाने के डर से चोर न उसे काटकर पाँच इंच छोटा कर दिया । एक घंटे बाद चारों सेवकों को दरबार में बुलाया गया। फिर बीरबल ने घोषणा की कि सबसे छोटी छड़ी वाले सेवक ने वह चोरी की है। यह सुन सभी लोग अचंभित हो गए। फिन बीरबल ने राजा अकबर को समझाया, "महाराज, निर्जीव छड़ी बढ़ नहीं सकती । चोर ने अपने अपराध बोध में इस बात पर विचार नहीं किया और अपनी छड़ी को काटकर छोटा कर दिया।" बीरबल की इस बुद्धिमत्ता और निर्णय से राजा अकबर बहुत प्रसन्न हुए । चोर को कारावास का दंड दिया गया और साहूकार को भी उसका धन वापस मिल गया ।<br>1. साहूकार के कितने सेवक थे ?<br>2. बीरबल ने चोर का पता कैसे लगाया ?<br>3. साहूकार ने क्या शिकायत की ?<br>4. बीरबल कौन था ? | **1X4 = 4** |
| **प्रश्न (2)** | **निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक वाक्य में लिखिए-**<br>1.मेहनती व्यक्तियों का रास्ता कैसा है?<br>2.चिट्ठी के अक्षर पाठ में साप्ताहिक अखबार कितने पेज का था?<br>3.महिपाल सिंह का हाथ कैसे कट गया था?<br>4.एक अकेला व्यक्ति काम करेगा तो क्या होगा? | **1X4 = 4** |
| **प्रश्न (3 )** | **निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए-**<br>1. मेहनत करने वालों के लिए सागर और पर्वत क्या करते हैं?<br>2. अगर हमारी लिखावट सुंदर ना हो तो क्या-क्या परिणाम हो सकते हैं?<br>3. महिपाल सिंह ने लेखक को अपने घर आने का निमंत्रण क्यों दिया?<br>4. नीचे दी गई तालिका को ध्यानपूर्वक देखें,समझें व खाली जगह पर उत्तर लिखें- | **2X4=8** |

| **कारण** | **प्रभाव** |
|---|---|
| **महिपाल सिंह ने चार- पाँच साल तक लिखने का अभ्यास किया था।** | |

| | | | |
|---|---|---|---|
| | | **सबका मिलकर कदम बढ़ाना।** | |
| प्रश्न (4) | **निर्देशानुसार उत्तर दीजिए –**<br>1. ' लड़का' और 'सुनार ' शब्दों के **लिंग बदलकर** लिखिए \|<br>2. 'गाजर' और 'सभा' शब्दों के **वचन** बदलकर लिखें \|<br>3. 'छाँव' और 'पाप ' शब्दों के **विपरीत शब्द** लिखिए \|<br>4. 'बदर' और 'चादनी' शब्दों में सही स्थान पर **बिंदु / चंद्रबिंदु** लगाइए \|<br>5. विशेष्य शब्दों के आगे उचित विशेषण लगाइए<br>__________ अखबार __________ तितली | | 1X5 = 5 |
| प्रश्न (5) | **निर्देशानुसार उत्तर दीजिए –**<br>1. 'माँ ' और 'सागर ' शब्दों के दो-दो **पर्यायवाची** लिखिए \|<br>2. 'आग बबूला होना' और ' हाथ बंटाना ' **मुहावरों के अर्थ लिखकर वाक्य** प्रयोग करें \|<br>3. ' जिसके आने की कोई तिथि न हो ' और 'नगर में रहने वाला' **वाक्यांश बोधक शब्दों** के लिए एक शब्द लिखिए \| | | 2X3=6 |
| प्रश्न (6) | **नीचे दिए गए शब्दों को पढ़कर शब्दों में एक अनुच्छेद लिखिए –**<br>**हरियाली, घूमना, कसरत, पक्षी, फूल, खुशबूदार ,बच्चे, खुशी, स्वस्थ, सैर** | | 3 |

**OSDAV Public School, Kaithal**
**May Test-2025** **Set- B**
**Class :VI**
**Subject : Hindi**

**Time: 1 hour 30 min.** **M.M. :30**

**सामान्य निर्देश** :-

1. प्रश्न पत्र ध्यान पूर्वक पढ़ें |
2. सभी प्रश्न अनिवार्य हैं |
3. लेख साफ़ व स्पष्ट लिखें |

| | | |
|---|---|---|
| **प्रश्न (1)** | **निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर नीचे दिए गए प्रश्नों के लिए सही विकल्प चुनिए-**<br>राजा अकबर के दरबार में बीरबल उनका पसंदीदा दरबारी था। अकबर के सामने कोई भी समस्या आती तो बीरबल से समस्या हल करने के लिए कहा जाता था । बीरबल अपनी तीव्र बुद्धि और हाजिरजवाबी से स समस्याओं को आसानी से हल कर दिया करता था । एक दिन अकबर के दरबार में एक साहूकार आया उसने अपने घर में चोरी हो जाने की दुहाई दी। इस पर बीरबल ने पूछा, "क्या तुम्हें इस चोरी का किसी पर शक है ?" साहूकार ने उत्तर दिया, "अपने चार सेवकों पर, लेकिन मुझे यह नहीं पता कि यह चोरी किसने की है। बीरबल ने उन चारों सेवकों को दरबार में बुलाए जाने का आदेश दिया। चारों सेवक अकबर के दरबार में हाजिर हो गए। फिर बीरबल ने प्रत्येक सेवक को एक-एक छड़ी दी और कहा, "ये जादुई छड़ियाँ हैं। चोर की छड़ की लंबाई अपने आप एक घंटे में पाँच इंच बढ़ जाएगी।" फिर बीरबल ने उन चारों सेवकों को एक घंटे तक महल के अलग-अलग कमरे में रखे जाने का आदेश दिया। अपनी छड़ी की लंबाई बढ़ जाने के डर से चोर न उसे काटकर पाँच इंच छोटा कर दिया । एक घंटे बाद चारों सेवकों को दरबार में बुलाया गया। फिर बीरबल ने घोषणा की कि सबसे छोटी छड़ी वाले सेवक ने वह चोरी की है। यह सुन सभी लोग अचंभित हो गए। फिन बीरबल ने राजा अकबर को समझाया, "महाराज, निर्जीव छड़ी बढ़ नहीं सकती । चोर ने अपने अपराध बोध में इस बात पर विचार नहीं किया और अपनी छड़ी को काटकर छोटा कर दिया।" बीरबल की इस बुद्धिमत्ता और निर्णय से राजा अकबर बहुत प्रसन्न हुए । चोर को कारावास का दंड दिया गया और साहूकार को भी उसका धन वापस मिल गया ।<br>प्रश्न :<br>1. साहूकार के कितने सेवक थे ?<br>2. चोर को किसने पकड़ा ?<br>3. साहूकार को क्या वापस मिल गया?<br>4. राजा का सबसे मनपसंद दरबारी कौन था? | **1X4 = 4** |
| **प्रश्न (2 )** | **निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक वाक्य में लिखिए-**<br>1. मेहनती व्यक्तियों की मंजिल कैसी है?<br>2. 32 पेज का साप्ताहिक अखबार किसने निकाला था?<br>3. महिपाल सिंह से मिलने के बाद लेखक के मस्तिष्क में कौन-कौन से प्रश्न कौंधने लगे?<br>4. आप अपने साथियों के साथ मिलकर कौन-कौन से काम कर सकते हैं? | **1X4 = 4** |
| **प्रश्न (3 )** | **निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए-**<br>**1.** यदि महिपाल सिंह अपना दायाँ हाथ खोने के बाद निराश हो जाते तो क्या होता?<br>**2.** मेहनत करने वालों के लिए सागर और पर्वत क्या करते हैं?<br>3. महिपाल सिंह ने बाएं हाथ से लिखने का अभ्यास किस प्रकार किया?<br>**4.** नीचे दी गई तालिका को ध्यानपूर्वक देखें,समझें व खली जगह पर उत्तर लिखें- | **2X4=8** |

| कारण | प्रभाव |
|---|---|
| **सबका मिलकर कदम बढ़ाना।** | |

| | | | |
|---|---|---|---|
| | | अकेला व्यक्ति सारे काम अकेले करेगा | |
| **प्रश्न (4)** | **निर्देशानुसार उत्तर दीजिए –**<br>1. 'रानी ' और 'शिष्य ' शब्दों के लिंग बदलकर लिखिए।<br>2. 'कविता ' और 'हाथ पर ' शब्दों के **वचन** बदलकर लिखें।<br>3. ' बाहर' और ' अपने' शब्दों के **विपरीत शब्द** लिखिए।<br>4. 'मदिर' और 'पाच ' शब्दों में सही स्थानपर **बिंदु / चंद्रबिंदु** लगाइए।<br>5. विशेष्य शब्दों के आगे उचित विशेषण लगाइए<br>___________ तलवार ___________लड़ाई | | **1X5 = 5** |
| **प्रश्न (5)** | **निर्देशानुसार उत्तर दीजिए –**<br>1. 'पानी ' और 'धरती ' शब्दों के दो-दो **पर्यायवाची** लिखिए।<br>2. 'हाथ मलना ' और 'पेट में चूहे कूदना ' **मुहावरों के अर्थ लिखकर वाक्य** प्रयोग करें।<br>3. दिए गए वाक्यों के लिए एक शब्द लिखें।<br>(i)'जहाँ छात्र रहते हों ' (ii)'भारत में रहने वाला' | | **2X3=6** |
| **प्रश्न (6)** | **नीचे दिए गए शब्दों को पढ़कर 50 से 70 शब्दों में एक अनुच्छेद लिखिए –**<br>**हरियाली, घूमना, कसरत, पक्षी, फूल, खुशबूदार,बच्चे, खुशी, स्वस्थ, सैर** | | **3** |

OSDAV Public School, Kaithal

Unit Test (May ,2025) Set- A

Class :VI

Subject : Hindi

**Time:** 1 hour 15 **min.** **M.M. :**30

**सामान्य निर्देश** :-

1. प्रश्न पत्र ध्यान पूर्वक पढ़ें |
2. सभी प्रश्न अनिवार्य हैं |
3. लेख साफ़ व स्पष्ट लिखें |

| | | |
|---|---|---|
| **प्रश्न (1)** | **निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर नीचे दिए गए प्रश्नों के लिए सही विकल्प चुनिए-**<br>उत्तर<br>1. बीरबल अकबर का सबसे पसंदीदा दरबारी था।<br>2. साहूकार ने  शिकायत की कि उसका धन चोरी हो गया है।<br>3. साहूकार के 4 सेवक थे ?<br>4. बीरबल ने चोर का पता अपनी बुद्धिमानी समझदारी और छड़ी की सहायता से लगाया। | **1X4 = 4** |
| **प्रश्न (2)** | **निम्नलिखित प्रश्नों के  उत्तर एक वाक्य में लिखिए-**<br>1.मेहनती व्यक्तियों का रास्ता नेक होता है।<br>2.चिट्ठी के अक्षर पाठ में साप्ताहिक अखबार 32 पेज का था।<br>3.महिपाल सिंह का हाथ ईद के मैदान में , मोर्चे पर ,एक बम विस्फोट में कट गया था।<br>4.एक अकेला व्यक्ति काम करेगा तो वह थक जाएगा ,उसका काम अधूरा रह जाएगा ,उसका काम देरी से होगा और भी कई संभावनाएं बन सकती हैं। | **1X4 = 4** |
| **प्रश्न (3 )** | **निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए-**<br>**1.** मेहनत करने वालों के लिए सागर रास्ता छोड़ देते हैं और पर्वत शीश झुका देते हैं।<br>2. अगर हमारी लिखावट सुंदर ना हो तो हमारा आत्मविश्वास डगमगा सकता है, हमारे अंक काम आ सकते हैं और हमारा प्रभाव भी अच्छा नहीं पड़ता परिणाम हो सकते हैं।<br>3. महिपाल सिंह ने लेखक को अपने घर आने का निमंत्रण  दिया क्योंकि पत्राचार के कारण उन में आपस में प्रेम और दोस्ती का व्यवहार हो गया था इसलिए महिपाल सिंह ने लेखक को अपने घर आने का निमंत्रण दिया।<br>**4.** नीचे दी गई तालिका को ध्यानपूर्वक देखें,समझें व खाली जगह पर उत्तर लिखें- | **2X4=8** |

| **कारण यह था-** | **उसका प्रभाव क्या हुआ?** |
|---|---|
| **महिपाल सिंह ने चार- पाँच साल तक लिखने का अभ्यास किया था।** | **उसके लिखावट सुंदर और सांचे में ढले हुए अक्ष लिखने लगा था और एक सफल संपादक भी ब गया था** |
| **सबका मिलकर कदम बढ़ाना।** | **मंजिल प्राप्त हो जाना, लक्ष्य तक पहुंच जाना अं अधूरे काम पूरे हो जाना, अन्य संभावित उत्तर भ आ सकते हैं।** |

| | | |
|---|---|---|
| **प्रश्न (4)** | **निर्देशानुसार उत्तर दीजिए –**<br>1. ' लड़की ' और ' सुनारिन '<br>2. ' गाजरें ' और 'सभाएँ '<br>3. ' धूप' और ' पुण्य '<br>4. 'बंदर' और 'चाँदनी '<br>5. विशेष्य शब्दों के आगे उचित विशेषण लगाइए<br>दैनिक, एक, ताजा- अखबार / सुंदर ,प्यारी, रंग-बिरंगी-तितली | **1X5 = 5** |
| **प्रश्न (5)** | **निर्देशानुसार उत्तर दीजिए –**<br>1. 'माँ- अंबा, जननी ,माता ,धात्री ' और 'सागर - समुद्र, सिंधु ,जल्दी, अर्णव'<br>2. 'आग बबूला होना'- बहुत गुस्सा होना और ' हाथ बंटाना '- सहायता करना/ मदद करना<br>3. ' जिसके आने की कोई तिथि न हो '- अतिथि और 'नगर में रहने वाला' - नगरवासी/ नागरिक | **2X3=6** |
| **प्रश्न (6)** | **नीचे दिए गए शब्दों को पढ़कर 50 से 70 शब्दों में एक अनुच्छेद लिखिए –**<br>**हरियाली, घूमना, कसरत, पक्षी, फूल, खुशबूदार ,बच्चे, खुशी, स्वस्थ, सैर**<br><br>अनुच्छेद<br>विषय वस्तु<br>भाषायी शुद्धता | **3** |

**OSDAV Public School, Kaithal**
**Unit Test (May ,2024)** **Set-** B

**Class :VI**
**Subject : Hindi**

**Time:** 1 hour 15 **min.** **M.M. :**30

**सामान्य निर्देश** :-

1. प्रश्न पत्र ध्यान पूर्वक पढ़ें |
2. सभी प्रश्न अनिवार्य हैं |
3. लेख साफ़ व स्पष्ट लिखें |

<table>
<tr><td>प्रश्न (1)</td><td>निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर नीचे दिए गए प्रश्नों के लिए सही विकल्प चुनिए-<br><br>1. बीरबल<br>2. साहूकार को धन वापस मिल गया।<br>3. चार<br>4. चोर को बीरबल ने पकड़ा।</td><td>1X4 = 4</td></tr>
<tr><td>प्रश्न (2 )</td><td>निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक वाक्य में लिखिए-<br>1. मेहनती व्यक्तियों कीमंजिल सच की होती है।<br>2. 32 पेज का साप्ताहिक अखबार महिपाल सिंह ने निकाला था।<br>3. महिपाल सिंह से मिलने के बाद लेखक के मस्तिष्क में अनेक प्रश्न कौंधने लगे जैसे क्या यह लिखावट इसी आदमी की थी? क्या यह बाएँ हाथ से इतने सुंदर अक्षर लिखता है?<br>4. आप अपने साथियों के साथ मिलकर अनेक काम कर सकते हैं जैसे खाना खेलना पढ़ना घूमने बातें करना आदि।</td><td>1X4 = 4</td></tr>
<tr><td>प्रश्न (3 )</td><td>निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए-<br>1. यदि महिपाल सिंह अपना दायाँ हाथ खोने के बाद निराश हो जाते तो वे 32 पेज का साप्ताहिक अखबार भी ना निकल पाते, ना वह सफल संपादक बन पाते और अपना आत्मविश्वास भी खो देते।<br>2. मेहनत करने वालों के लिए सागर अपना रास्ता छोड़ देते हैं और पर्वत शीश झुका देते हैं।<br>3. महिपाल सिंह ने बाएँ हाथ से लिखने का अभ्यास बड़ी लगन और परिश्रम के साथ किया। पहले टेढ़े-मेढ़े अक्षर लिखे फिर अलग-अलग और दूर-दूर अक्षर लिखे फिर गोल-गोल और सुंदर अक्षर लिखे और अंत में साँचे में ढले हुए अक्षर लिखने लगे।<br>4. नीचे दी गई तालिका को ध्यानपूर्वक देखें,समझें व खली जगह पर उत्तर लिखें-<br><table><tr><th>कारण यह था</th><th>उसका प्रभाव क्या हुआ?</th></tr><tr><td>सबका मिलकर कदम बढ़ाना।</td><td>लक्ष्य, मंजिल मिल जाना ,कार्य पूर्ण हो जाना समय पर कार्य पूर्ति होना।</td></tr><tr><td>अकेला व्यक्ति सारे काम अकेले करेगा</td><td>वह थक जाएगा उसका काम भी अधूरा रह जाएगा उसका समय पर नहीं होगा उसका उसका आत्मविश्वास डगमगा जाएगा।</td></tr></table></td><td>2X4=8</td></tr>
</table>

| | | |
|---|---|---|
| **प्रश्न (4)** | **निर्देशानुसार उत्तर दीजिए –**<br>1. 'राजा ' और 'शिष्या '<br>2. 'कविताएँ ' और 'हाथों पर '<br>3. ' अंदर' और ' पराए'<br>4. 'मंदिर' और 'पाँच '<br>तेज, धारदार, चमकीली-तलवार _____ भयंकर, बड़ी, लंबी-लड़ाई | **1X5 = 5** |
| **प्रश्न (5)** | **निर्देशानुसार उत्तर दीजिए –**<br>1. 'पानी '- जल नीर, अंबु और 'धरती ' - धरा, भूमि, पृथ्वी, वसुधा, वसुंधरा ,जमीन<br>2. 'हाथ मलना ' - पछताना और 'पेट में चूहे कूदना ' - भूख लगना<br>3. 'जहाँ छात्र रहते हों ' - छात्रावास और 'भारत में रहने वाला'- भारतीय /भारतवासी | **2X3=6** |
| **प्रश्न (6)** | **नीचे दिए गए शब्दों को पढ़कर 50 से 70 शब्दों में एक अनुच्छेद लिखिए –**<br>**हरियाली, घूमना, कसरत, पक्षी, फूल, खुशबूदार,बच्चे, खुशी, स्वस्थ, सैर**<br>अनुच्छेद<br>विषय वस्तु<br>भाषायी शुद्धता | **3** |